No. of Printed Pages : 2

एम.एम.डी.ई.-015

बी.एड. विशेष शिक्षा (बी.ई.डी.एस.ई.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2017

00169

एम.एम.डी.ई.-015 : हिन्दी में शिक्षण

समय : 2 घंटे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *(i) इस प्रश्न पत्र के प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का अनुसार दीजिए।*

*(ii) इस प्रश्न पत्र में **तीन** खण्ड हैं।*

*(iii) **सभी** खण्डों के उत्तर दीजिए।*

(iv) प्रत्येक खण्ड के लिए निर्देश उस खण्ड के आरंभ में दिए गए हैं।

खण्ड - क

इस खण्ड के **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं। 5x2=10

1. व्याकरण शिक्षण की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

2. आत्मकथा एवं जीवनी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

3. कम्प्यूटर आधारित शिक्षण की विशेषताएँ बताइए।

4. श्रवण कौशल क्या है ?

5. भाषा कौशल से आप क्या समझते हैं ?

खण्ड - ख

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं। **4x5=20**

6. श्रवण कौशल के विकास की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

7. पठन की तीनों अवस्थाओं का वर्णन कीजिए।

8. प्रयोजनमूलक लेखन के विभिन्न रूपों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

9. संस्मरण का आशय स्पष्ट करते हुए किसी एक संस्मरण का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

10. भाव पल्लवन का अर्थ एवं महत्त्व बताइए।

11. 'पुष्प की अभिलाषा' कविता की भाषा एवं संवेदना पर विचार कीजिए।

खण्ड - ग

12. नाटक शिक्षण योजना का परिचय देते हुए जगदीश चन्द्र माथुर कृत प्रसिद्ध एकांकी 'रीढ़ की हड्डी' का परिचय दीजिए। 10

अथवा

निबंध की भाषा और शैली का परिचय दीजिए तथा उसे किसी एक निबंध के उदाहरण से स्पष्ट कीजिए।

13. व्यंग्य शिक्षण योजना को स्पष्ट करते हुए हरिशंकर परसाई के व्यंग्य 'चूहा और मैं' पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

गद्य शिक्षण योजना के अन्तर्गत किसी एक जीवनी की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।